दिनांक 28 जुलाई, 2023 को आयोजित पंद्रहवीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक की कार्यवाही

कृषि विज्ञान केन्द्र, हलसी, लखीसराय के प्रशिक्षण सभागार में पन्द्रहवीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 28 जुलाई, 2023 को डा० आर० के० सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर के अध्यक्षता में सम्पन्न की गई, जिसमें लखीसराय जिले के लाईन डिपार्टमेंट के सदस्यगण जिला मतस्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, डी०डी०एम०, नाबार्ड एवं जिला पौधा संरक्षण पदाधिकारी लखीसराय, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, लखीसराय आदि सदस्यों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि सह सभाध्यक्ष निदेशक प्रसार शिक्षा, बी०ए०यू०, सबौर का स्वागत डा० शम्भू राय, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, हलसी, लखीसराय द्वारा अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया तथा जिले के लाईन डिपार्टमेंट के सदस्यों का स्वागत बारी–बारी से केन्द्र के वैज्ञानिक डा० सुधीर चन्द्र चौधरी, डा० विनोद कुमार सिंह, डा० सुनील कुमार सिंह, एवं डा० निशांत प्रकाश द्वारा अंग वस्त्र व पौधे प्रदान कर किया।

तत्पश्चात केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, डा० शम्भू राय द्वारा वैज्ञानिक सलाहकार समिति की अनुमोदन एवं अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसपर बैठक के सभी सदस्यों ने ध्वनी मत से सहमति प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान सभाध्यक्ष ने कृषि विज्ञान केन्द्र के सभी विषय वस्तु विशेषज्ञों क्रमशः डा० सुधीर चन्द्र चौधरी (पादप प्रजनन), डा० बिनोद कुमार सिंह (सस्य), डा० सुनील कुमार सिंह (उद्यान), डा० रेणु कुमारी (गृह विज्ञान) एवं डा० निशांत प्रकाश (पौधा रोग) से संबंधित विषयों की जानकारी प्राप्त की तथा किसानों के आर्थिक उन्नति को बढावा देने हेतु दिशा निर्देश दिये। बैठक के दौरान निम्नलिखित कार्यवाही की अनुशंसा की गई :–

1. अगामी वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक से जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम एवं निक्रा परियोजना के तहत अंगिकृत ग्राम से क्रमशः पॉच एवं चार कृषक सदस्य के रूप में सम्मिलित करें।

(कार्रवाईः वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ०वि०के०, हलसी)

बैठक के दौरान श्री दीपक सिंह, प्रगतिशील किसान, बड़हिया द्वारा कहा गया कि कृ०वि०के०, हलसी के अनतर्गत बीज हब योजना से जुड़े दलहन बीज उत्पादक किसानों को अनुदान (subsidy) की राशि नहीं मिल रही है, उक्त दिशा में उचित पहल करने हेतु सदन से अनुरोध किया गया।

(कार्रवाईः जिला कृषि पदाधिकारी,, लखीसराय तथा वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ०वि०के०, हलसी)

3. निदेशक प्रसार शिक्षा, बी०ए०यू, सबौर द्वारा निर्देशित किया गया कि केन्द्र के द्वारा निक्रा परियोजना में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करें ताकि किसानों को पशु के स्वास्थ्य देखभाल हेतु समूचित लाभ मिल सके।

(कार्रवाईः वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान एवं **Co-PIs** निक्रा)

4. सदन द्वारा यह सुझाव दिया कि कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा संचालित किए जा रहे **प्राकृतिक खेती (Natural Farming)** योजना के अन्तर्गत सब्जी उत्पादक किसानों को जोड़ा जाए।

(कार्रवाईः वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान व प्रभारी पदाधिकारी, प्राकृतिक खेती)

5. सदन द्वारा निर्देशित किया गया कि केन्द्र परिसर में अधिक से अधिक प्रदर्शन इकाई को सुव्यवस्थित की जाय ताकि आत्मा इत्यादि के द्वारा कराये जाने वाले परिभ्रमण कार्यक्रम में किसानों को तकनीकी जानकारी प्राप्त हो सके।

(कार्रवाईः वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान एवं संबंधित वैज्ञानिक))

6. सदन द्वारा कहा गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र में आए मछली पालन, बकरी पालन , पशु पालन हेतु इच्छुक किसानों की सूचि संबंधित विभाग को दी जाय ताकि उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा सके।

(कार्रवाईः वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ० वि० के०, हलसी))

7. सदन द्वारा सलाह दी गयी कि जिले के जिस क्षेत्र में पानी की अनुपलब्धता हो वहां मोटे अनाज एवं जहां पानी की उपलब्धता है वहां मतस्य पालन हेतु कृषको को प्रोत्साहित करें।

(कार्रवाईः वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ०वि०के०, हलसी)

8. निदेशक प्रसार शिक्षा, बी०ए०यू, सबौर ने कृषि विज्ञान केन्द्र, लखीसराय में समेकित कृषि प्रणाली का प्रदर्शन इकाई जल्द से जल्द तैयार करने हेतु निर्देशित किया।

(कार्रवाईः वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधानय एवं संबंधित वैज्ञानिक कृ०वि०के०, हलसी))

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र एवं आत्मा, लखीसराय के वैज्ञानिकों एवं पदाधिकारियों का संयुक्त भ्रमण जिले के किसानों के प्रक्षेत्र पर किया जाय, जिससे किसानों के समस्या व निदान का मार्ग प्रशस्त हो सके।

(कार्रवाईः वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान तथा परियोजना निदेशक (आत्मा), लखीसराय)

विश्वासभाजन

ह०/-

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान

कृ०वि०के०, हलसी, लखीसराय

ज्ञापांक सं०: 2490 / कृ०वि०के०, हलसी, लखीसराय / 2023–24 दिनांकः 09/11/2023

प्रतिलिपिः

1. निदेशक प्रसार शिक्षा, बी०ए०यू०, सबौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बी०ए०यू०, सबौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. सह अधिष्ठाता एवं प्राचार्य, बी०ए०यू०, सबौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. जिला कृषि पदाधिकारी / जिला परियोजना निदेशक, आत्मा / जिला सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण) / जिला उद्यान पदाधिकारी / जिला गव्य पदाधिकारी / जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक / जिला मत्स्य पदाधिकारी / जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका), लखीसराय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

09/11/2023

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान

कृ०वि०के०, हलसी, लखीसराय

Senior Scientist & Head

Krishi Vigyan Kendra

HALSI, LAKHISARAI